दिन–शनिवार दिनांक– 05 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. वक्फ संशोधन विधेयक पर एनडीए और विपक्षी दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप हुआ तेज।

02. जदयू के मुस्लिम नेताओं ने वक्फ बिल का समर्थन करते हुए कहा – मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुस्लिम समुदाय के हित के लिए कई काम किये हैं।

03. सात अप्रैल से राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में बारिश की संभावना। किशनगंज, अररिया, सुपौल, पूर्णिया, दरभंगा और मधुबनी जिले में ओलावृष्टि का भी है पूर्वानुमान।

04. और, चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की की जा रही है पूजा–अर्चना। रामनवमी को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के किये गए हैं व्यापक प्रबंध।

---

वक्फ संशोधन विधेयक पर राजनीतिक दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। भाजपा, जदयू और लोजपा समेत एनडीए के घटक दलों ने बिल को संविधान की भावना के अनुरूप बताया। वहीं, राजद और कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने विधेयक को संविधान और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ बताया है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि राजद वोट बैंक के कारण वक्फ बिल का विरोध कर रही है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह बिल पूरी तरह संवैधानिक है।

–––बाइट–––

---

राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि यदि बिहार में उनकी सरकार बनती है, तो राज्य में संशोधित वक्फ कानून को लागू नहीं होने दिया जाएगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने विधेयक को असंवैधानिक बताते हुए कहा कि उनकी पार्टी बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी।

———बाइट———

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि पिछले ग्यारह वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार जब भी कोई नया कानून लेकर आई है, विपक्ष ने लोगों को केवल गुमराह किया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि विपक्ष की कोशिश अल्पसंख्यक समुदाय के बीच भ्रम फैलाने की है।

———बाइट———

———————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर विपक्षी दलों पर देश के मुसलमानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। आज समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह बिल वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन से जुड़ा है, जिसका लाभ हाशिये के मुसलमानों को भी मिलेगा। श्री हुसैन ने कहा कि बिल का समर्थन करने के कारण उन्हें मोबाईल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिल रही है।

———बाइट———

———————————————————————————

जदयू के मुस्लिम नेताओं ने वक्फ बिल का समर्थन करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुस्लिम समुदाय के हित के लिए कई काम किये हैं। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशरफ अंसारी ने कहा कि पार्टी से किसी बड़े नेता ने इस्तीफा नहीं दिया है।

———बाइट———

पार्टी प्रवक्ता अंजुम आरा ने कहा कि विधेयक को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति ने पार्टी द्वारा दिये गए सभी पांच सुझावों को माना, जिसके बाद इस बिल का समर्थन किया गया।

———बाइट———

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल गरीबों, जरूरतमंदों और जनहित के लिए होना चाहिए। आज बक्सर में एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड में एक लंबे समय से सुधार की आवश्यकता थी और वक्फ संशोधन विधेयक इसी दिशा में एक कदम है।

———बाइट———

---

केंद्र सरकार ने पिछले साल प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले बिहार सहित चार राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एक हजार दौ सौ अस्सी करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त सहायता मंजूर की है। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार ने आपदाओं के बाद इन राज्यों में तत्काल मंत्रालय स्तर की केन्द्रीय टीमों को भेजा था, जिसकी अनुशंसा पर यह राशि जारी की गयी है।

---

कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने आज दिल्ली एम्स जाकर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात की और उनका हाल–चाल जाना। श्री अल्लावरू के बिहार प्रभारी बनने के बाद राजद अध्यक्ष से उनकी यह पहली मुलाकात थी। गौरतलब है कि अल्लावरू कांग्रेस प्रभारी बनने के बाद कई बार बिहार दौरे पर आए, लेकिन उन्होंने कभी भी राजद अध्यक्ष से मुलाकात नहीं की।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सात अप्रैल से राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना है। राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्वी हिस्सों में पश्चिमी विक्षोभ का असर अधिक दिखेगा। इस दौरान हवा की गति झोंकों के साथ चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे रह सकती है। किशनगंज, अररिया, सुपौल, पूर्णिया, दरभंगा और मधुबनी जिले में एक–दो स्थानों पर ओलावृष्टि की भी आशंका है। इधर, विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाइट———

पिछले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान में उनतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है।

–––म्यूजिक–––

मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख–सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। माँ का यह स्वरूप अभय, रूप और सौंदर्य प्रदान करने वाला होता है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि मंदिरों और शक्तिपीठों में महा अष्टमी की पूजा–अर्चना के लिये सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा माहौल श्रद्धा और उत्साह के रंग में सराबोर है।

–––म्यूजिक–––

---

रामनवमी का त्योहार कल प्रदेशभर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक संगठनों द्वारा झांकी और जुलूस निकाला जायेगा। इधर, पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में भक्तों के लिए मंदिर के पट आज रात दो बजे से खोल दिये जायेंगे। इधर, रामनवमी को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। संवदेनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है।

---

पूर्व उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम को आज उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबू जगजीवन राम को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए बाबू जगजीवन राम का आजीवन संघर्ष हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। पटना में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य कैबिनेट के कई सदस्यों ने जगजीवन राम की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

इधर, मौर्य राजवंश के महान शासक सम्राट अशोक की जयंती आज राजकीय समारोह के रूप में मनायी गयी। पटना में आयोजित समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय

कुमार सिन्हा समेत राज्य कैबिनेट के कई सदस्यों ने सम्राट अशोक की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र के बखरिया में शॉट सर्किट के कारण आग लग जाने से दो दर्जन से अधिक घर जलकर जष्ट हो गए। कई मवेशियों की भी झुलसकर मौत हो गयी।

किशनगंज जिले के लंबाबस्ती से उत्पाद विभाग की टीम ने भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. वक्फ संशोधन विधेयक पर एनडीए और विपक्षी दलों के बीच आरोप—प्रत्यारोप हुआ तेज।

02. जदयू के मुस्लिम नेताओं ने वक्फ बिल का समर्थन करते हुए कहा – मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुस्लिम समुदाय के हित के लिए कई काम किये हैं।

03. सात अप्रैल से राज्य के उत्तर—मध्य और उत्तर—पूर्वी हिस्सों में बारिश की संभावना। किशनगंज, अररिया, सुपौल, पूर्णिया, दरभंगा और मधुबनी जिले में ओलावृष्टि का भी है पूर्वानुमान।

04. और, चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की की जा रही है पूजा—अर्चना। रामनवमी को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के किये गए हैं व्यापक प्रबंध।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।